# यूपीईएस में 'रन फॉर टुमॉरो' मैराथन का आयोजन

## शहर में सड़क सुरक्षा और ड्रग अवेयरनेस को लेकर दिया जागरूकता का संदेश




देहरादून, 28 सितम्बर (स.ह.) : लीडिंग मल्टीडिसिप्लनेरी विश्वविद्यालय यूपीईएस ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और ड्रग्स के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 5 किलोमीटर की मैराथन का आयोजन किया। मैराथन में डीन और प्रोफेसरों सहित 500 से अधिक छात्रों और 100 कर्मचारियों ने भाग लिया। मैराथन के दौरान टॉप रनर्स को पदक, नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विजेता को 10,000 रुपये, उपविजेता को 7,500 रुपये और दूसरे उपविजेता को 5,000 रुपये दिए गए। रन फॉर टुमॉरो मैराथन के माध्यम से प्रतिभागियों ने प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।

हिमांशु कुमार, आंचल तैलवाल, सौरभ बिष्ट और मंजू पंत ने स्वर्ण पदक जीता। आर्यन, दक्षिता मान, समीर कुमार और श्वेता पंवार ने रजत पदक जीता, जबकि स्वास्तिक, खुशी छेत्री, राहुल कुमार और पूनम ने कांस्य पदक जीता। विजेताओं को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया, जिनमें पुरुष और महिला छात्रों के साथ-साथ पुरुष और महिला संकाय और कर्मचारी भी शामिल थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा, "यूपीईएस में, हमारा विश्वास हमारे छात्रों के लिए एक अच्छा वातावरण तैयार करने और हमारे फैकल्टी व कर्मचारियों के लिए एक सम्पूर्ण कार्यस्थल बनाने पर केंद्रित है। यह मैराथन शारीरिक और मानसिक कल्याण के प्रति हमारे कमिटमेंट का प्रमाण है। हम अपने समुदाय की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया से खुश हैं, और हम भविष्य में इस तरह के और आयोजनों की मेजबानी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यूपीईएस समग्र विकास और अपने छात्रों और शिक्षकों की भलाई के प्रति अपने कमिटमेंट पर दृढ़ है। हाल ही में, यूपीईएस स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के सहयोग से यूपीईएस की सीएसआर शाखा ने आहार विकल्पों पर सामुदायिक स्तर के सत्रों की एक श्रृंखला भी आयोजित की।